शालीमार पेंट्स के राजस्व में हुई वृद्धि

मुंबई। एक प्रतिष्ठित पेंट निर्माता, शालीमार पेंट्स, ने हाल ही में क्यू3 2018-19 के लिए अपने वित्तीय परिणामों का खुलासा किया। इस तिमाही में पेंट कंपनी ने लगातार वृद्धि दर्ज की है। इसकी कुल आय क्यू3 में 75.4 करोड़ रुपए हो गई है, जो क्यू2 में 72.1 करोड़ रुपए रही थी। 2017-18 में समान अवधि के परिणामों की तुलना में क्यू3 के आंकड़ों में भी 13% की महत्वपूर्ण वृद्धि देखी गई है जो 66.7 करोड़ रुपए थी।

रिपोर्ट के मुताबिक, राइट्स इश्यू हाल ही में लगभग 200 करोड़ रुपए पर बंद हुआ था। एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल करते हुए ब्रांड ने अपने नासिक प्लांट के री-लॉन्च की घोषणा भी की, जो कि वित्त वर्ष 2019-20 की शुरूआत में किया जाना है। इसके साथ ही शालीमार पेंट्स ने कुल उत्पादन क्षमता और उसके बाद पश्चिम भारत में कारोबार बढ़ाने के लिए कमर कस ली है। शालीमार पेंट्स के प्रबंध निदेशक और सीईओ सुरेंद्र भाटिया ने कहा, हम पिछली दो तिमाहियों में निरंतर वृद्धि देखकर खुश हैं। इस वृद्धि का एक बड़ा हिस्सा त्योहारी सीजन की वजह से है जिसमें पिछली तिमाही में गिरावट दर्ज की गई थी।